नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# वीरांगनाओं को 'सुरक्षा कवच'

## राजस्थान से प्रधानमंत्री मोदी ने की राष्ट्र व्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत | पांच बच्चियों से बात भी की

**09 से 14 साल की बच्चियों को लगाया टीका**

**21 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र**

**16686 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण**



**नई दिल्ली, 28 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत राजस्थान के अजमेर से की. आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की. उन्होंने नौ से 14 वर्ष की पांच बच्चियों को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद उनसे संवाद भी किया.**

बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज वीरांगनाओं की इस धरती से मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है. अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है. उन्होंने कहा, हम सब जानते हैं कि परिवार में जब मां बीमार होती है, तो घर बिखर सा जाता है. अगर मां स्वस्थ है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है. इसी भाव से भाजपा सरकार में महिलाओं को संबल देने वाली अनेक योजनाएं चलाई हैं.

### क्यों जरूरी है एचपीवी टीकाकरण

सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) महिलाओं के गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स/गर्भाशय ग्रीवा) में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जो मुख्य रूप से एचपीवी वायरस के लंबे समय तक संक्रमण के कारण होता है. सही समय पर स्क्रीन (जांच) और वैक्सीन (टीका) के द्वारा इसे रोका जा सकता है.

### पीएम ने युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

इस अवसर पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 21,863 युवाओं को नियुक्ति वितरित करने के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने खुद दो युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे. कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ केंद्र व राज्य सरकार के कई मंत्री मौजूद थे.

### सीएम डॉ. मोहन यादव वर्चुअली हुए शामिल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इससे बचाव के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी उपाय है. इसी उद्देश्य से व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाने और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया. स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत मिशन मधुहारी की शुरुआत की जा रही है.

### प्रधानमंत्री ने राजस्थान को दीं कई सौगातें

पीएम मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया. आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने राजस्थान की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया उसमें लगभग 8,554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से तथा करीब 8,132 करोड़ रुपये की नौ प्रमुख परियोजनाएं केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग से जुड़ी हैं.

# अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला

- ईरान ने इजराइल-दुबई पर 400 मिसाइलें दागीं
- कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

### हमले में मरने वालों की संख्या हुई 60



**तेहरान, 28 फरवरी (वार्ता) दक्षिणी ईरान के मिनाब में लड़कियों के एक स्कूल पर अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है, जबकि 60 अन्य घायल हैं और 50 मलबे में फंसे हुए हैं। मेहर न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी।**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, नष्ट हुई इमारतें ईरान के दक्षिण में लड़कियों का एक प्राथमिक स्कूल का हिस्सा हैं। इस पर दिनदहाड़े तब बमबारी की गई, जब यहां बच्चे जमा थे। अकेले इसी जगह पर दर्जनों मासूम बच्चों की हत्या की गई है। ईरानी लोगों के खिलाफ इन अपराधों का जवाब दिया जाएगा।

बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में हुए मिसाइल हमले में इराक के अर्ध-सैनिक पॉपुलर मोबिलाइजेशन बल के कम से कम दो सदस्य मारे गए. इस बीच, इजरायली मीडिया ने दावा किया कि उसके हमलों में ईरान के तीन वरिष्ठ अधिकारी मारे जा चुके हैं, हालांकि ईरान ने अब तक इस दावे की पुष्टि नहीं की है. ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं.

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक हो : ईरान

**तेहरान.** ईरान ने अपने देश पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है. ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि उनका देश अमेरिका-इजरायल के हमलों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक बुलाने की मांग कर रहा है.

### पश्चिम एशिया को जाने वाली उड़ानें एयर इंडिया-इंडिगो ने कीं रद्द

पश्चिम एशिया में विस्फोटक हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने वहां जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को एक यात्रा परामर्श में बताया कि उसने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं.

### दूतावासों ने भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी

ईरान, इजराइल और कतर स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और एक परामर्श जारी कर आपात स्थिति में दूतावासों से आपात टेलीफोन नम्बरों तथा इमेल पर संपर्क करने को कहा है.

### अमेरिका और इजराइल का ज्वॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है. वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है. यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है.

## इधर, पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष में 300 की मौत

**इस्लामाबाद, 28 फरवरी.** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए. दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाक से बहुत अच्छे रिश्ते हैं. पाक इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है.




# कूनो सेंचुरी में आए 9 चीते

### केंद्रीय वन मंत्री यादव ने किया रिलीज

**कुनाल जादौन**

**श्योपुर, 28 फरवरी।** भारत में चीतों की पुर्नबसाहट के लिए तीन वर्ष पूर्व शुरू हुए चीता प्रोजेक्ट के तहत बोत्सवाना से लाये गये 9 चीते आज सुबह 9.30 के लगभग कूनो नेशनल पार्क पहुंचे, वायुसेना के तीन हैलीकॉप्टर से ग्वालियर एयरपोर्ट से इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में एयरलिफ्ट किया गया।

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बोत्सवाना से आये 9 चीतो में से तीन चीतो को प्रतीकात्मक रूप से क्वांरटीन के लिए बनाये गये बाडो में रिलीज किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, कैबिनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, दुर्गा लाल विजय भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, महामंत्री अरविन्द जादौन, संजय अकोदिया, मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल, मेहरवान सिंह यादव, सुजीत गर्ग, कोषाध्यक्ष सुमीत सिंहल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बंगाल में 61 लाख लोगों के नाम कटे

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्टपब्लिश हो गई. राज्य के चुनाव आयुक्त (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य में अब कुल वोटर की संख्या 7 करोड़ 04 लाख 59 हजार 284 है. एसआईआर से पहले राज्य में 7.66 करोड़ वोटर थे. इस पूरी प्रक्रिया में कुल 61 लाख 78 हजार 245 लोगों के नाम काटे गए हैं. इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फॉर्म-7 के जरिए 5 लाख 46 हजार 053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 और फॉर्म-6ए जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया.

## आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

**20 की मौत और 6 गंभीर घायल**

**काकीनाडा, 28 फरवरी. आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के समालकोट मंडल के वेतलापलेम में एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के समय फैक्ट्री में 20 से ज्यादा लोग मौजूद थे.**

यह धमाका तब हुआ जब मजदूर बड़े पैमाने पर पटाखे बना रहे थे और बहुत बड़ी आग लग गई. विस्फोट की सूचना मिलते ही फायर डिपार्टमेंट टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश करने लगी. इसमें स्थानीय



लोगों ने भी साथ दिया. घायलों को एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया. इसमें बुरी तरह जलने वाले कई लोगों की हालत गंभीर है. धमाके की वजह से शवों के चीथड़े उड़ गए और आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है.

## मोहाली में बनेगा देश का पहला एआई टावर

**मोहाली.** मोहाली में एक नई तकनीकी क्रांति की शुरुआत हो रही है. यहां देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टावर लगाया जाएगा. इस इमारत की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और देश-विदेश से लगभग 300 एआई आधारित कंपनियां यहां काम करेंगी. इस टावर में न सिर्फ सॉफ्टवेयर का विकास होगा, बल्कि एआई से जुड़े उत्पादों का निर्माण भी होगा. इससे पंजाब के स्टार्टअप्स को एक नई ताकत मिलेगी. यह एआई टावर चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक 'एक्सपो सिटी' में स्थापित किया जाएगा.

**उथल-पुथल** | विजयवर्गीय दिल्ली में शाह से मिले, सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भी की भेंट

# सरकार और संगठन में कुछ बड़ा होने के संकेत

- प्रहलाद पटेल भी शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री से मिले

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 फरवरी. प्रदेश में आने वाले दिनों में राजनीतिक गलियारों में कुछ बड़ा हो सकता है. प्रदेश के कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को शुक्रवार देर रात अचानक दिल्ली तलब किया गया, जहां उन्होंने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की.**

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडलेवाल भी शनिवार को दिल्ली में ही थे, जहां उन्होंने केंद्रीय



गृह मंत्री शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से अलग से मुलाकात की. इधर एक और कद्दावर मंत्री प्रहलाद पटेल भी शनिवार को दिल्ली में थे, जहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री शाह के अलावा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की. इन मुलाकातों का असर आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति में दिखने की संभावना जताई जा रही है. मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा कितना महत्वपूर्ण था, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि

> राजनीतिक नियुक्तियां भी लंबे समय से अटकी पड़ी है. ये भी संभावना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और शाह की अनुमति के बाद प्रदेश में होली के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरू हो जाए. ऐसे में दावेदारों के नामों पर हाईकमान से हरी झंडी ली जा सकती है. इस तरह प्रदेश में आने वाले दिनों में सरकार और संगठन में कुछ बड़ा होने के संकेत मिल रहे हैं.

शनिवार को कूनो में बोतस्वाना से आए चीतों को खुले बाड़े में छोड़ने का काम केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अकेले किया.

